चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मेरी प्रार्थना है कि हाउस आज साईने–डाई ऐडजर्न नहीं होना चाहिए। हाउस में मो ान आई है और उसमें कहा गया है कि हाउस को आज साईने डाई ऐडजर्न कर दिया जाए। (विघ्न) मैं आपके सामने अर्ज कर रहा था कि आज हाउस–डाई ऐडजर्न न किया जाए। मैंने जैसा कि पहले अर्ज किया कि तीन अहम मसले आपके सामने है और इन मसलों के बारे में आने खुद कहा है कि अभी मैंने विचार करना है। अगर हाउस साइने–डाई ऐडजर्न हो जाता है तो उसके बाद प्रोरोग हो जाएगा और प्रोरोग होने कै बाद गवर्नमैंट की मर्जी है कि चाहे छः महीने तक सै ान न बुलाए। प्रोरोग होने के बाद जो मसले हाउस के सामने है वे खत्म हो जाएंगे। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि साइने–डाई का जो मो ान है उसको आप अलाउ न करें।

चौधरी बीरेंद्र सिंह(उचाना कलां): स्पीकर साहब, वधवा साहब की ओर से एस.वाई.एल. के बारे में जो मो ान आया है और पंजाब असैम्बली में जिसके बारे में पिछले दो हफतों से बहुत भारी चर्चा हो रही है, उसके बारे मे मैं यह कहना चाहता हूं कि जब कांग्रेस पार्टी के सदस्य अपोजि ान में बैठते थे तो हमने चौधरी देवी लाल की सरकार से और बाद में मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल की सरकार से अनुरोध किया था कि अगर यह मसला सुप्रीम कोर्ट में या किसी और कोर्ट में जाएगा तो लिंगर आन हो जाएगा। जब भजन लाल जी की सरकार आई, तब हमने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट से इसको विदड्रा कर लिया जाए तो यह आपसी बातचीत द्वारा जल्दी ऐक्सपिडाइट हो सकता है। स्पीकर साहब, इस प्रौबलम को हल करना गवर्नमैंट और ऐग्जैक्टिव का ही काम नहीं है, बल्कि इसको हल करने की लेजिस्लैचर की भी बहुत बड़ी रिस्पौंसिबिलिटी तो बहुत ही ज्यादा है। इस मामले को हल करने की लेजिस्लेटिव विंग की बहुत ज्यादा जिम्मेदारी है। इसलिये मेरी आपसे प्रार्थना है कि गवर्नमैंट की ऐक्टीविटीज गवर्नमैंट लैवल पर इस बारे में जो डिवेलपमैंट हो रही है उसके बारे में जांच पड़ताल करने के लिये हाउस की एक जांच कमेटी बनाई जाए।

Mr. Speaker: I would request you to please speak on the motion before the House.

Chaudhri Birinder Singh: Speaker Sahib, there was a motion from one opposition member. It is a very

important matter and taking into consideration the importance of that motion, I am speaking on it.

स्पीकर साहब, मैं आपको तजवीज कर रहा हूं कि आप एक कमेटी कांस्टीचयूट करें, खासतौर पर एस.वाई.एल. के कम्पील ान के बारे में, ऐग्रीमैंट के बारे में या सुप्रीम कोर्ट में हम गये, वहां हमें जाना चाहिए था या नहीं या केस को विदड्रा किया जाए या न किया जाए, इन सब बातों को कंसिडर करने के लिये। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ, क्योंकि आप ने मुझे बोलने का समय दिया अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी खुर ाीद अहमदः स्पीकर साहब, यह जो साइने–डाई का मो ान अब हमारे सामने है, इसका फैसला बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी ने जिस दिन हाउस का बिजनैस भाुरू किया हुआ था उस दिन किया था कि आज की तारीख में हाउस को मुलतवी करने के लिये यह मो ान आएगा। बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिकमैंडे ान इस हाउस के सामने आई, यह हाउस उस रिकमैंडे ान को पहले ही मान चुका है और उसी के अनुसार मैंने यह मो ान आपके सामने रखा है। इसके लिये यह जस्टीफाई कराना कि आज हाउस भाुरू होने से एक मिनट पहले अगर कोई दूसरा मसला आ गया है तो उसको देखते हुए तमाम हाउस की कंसैंट को नजर अंदाज कर दिया जाए और बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट को इग्नोर किया जाए, उचित नहीं है। मेरे विचार से हाउस के सामने कोई ऐसा बिजनैस नहीं है,

जिसकी वजह से इन तमाम चीजों को इग्नोर किया जाए इसलिये बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट और उसके फैसले के मुताबिक ही हाउस को चलाया जाना चाहिए और यह साईने डाई–का मो ान पास होना चाहिए। (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब मेरा प्वायंट आफ आर्डर है ऐसा कोई मसला हाउस के सामने आने के बाद बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की मीटिंग दोबारा बुलाई जा सकती है। दोबारा काल की जा सकती है, इसमें कोई आपति की बात नहीं है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, आप मेरी बात तो सुनिये.....(ाोर)

****

Mr. Speaker: Nothing will be recorded. (Interruptions)

श्री बीरेंद्र सिंह(नारनौंद): स्पीकर साहब, भाुरू भाुरू में चौधरी अहमद साहब ने.....(ाोर)

Mr. Speaker: Actually the Minister has already wound up the debate. As a special case, I am giving an opportunity to Chaudhri Verender Singh and he will be the last speaker on this subject. (Interruptions)

श्री बीरेंद्र सिंहः स्पीकर साहब, मैं कह रहा था चौधरी खुर ाीद अहमद साहब ने हाउस को साईने डाई ऐडजर्न करने का मो ान मूव किया है। (चौधरी रिजक राम जी की ओर से विघ्न) स्पीकर साहब मुझे समझ में नहीं आता कि चौधरी रिजक राम जी बीच में क्यों यूं ही बोल रहे है? (ाोर)

श्री अध्यक्षः आपकी कोई पुरानी मुहब्बत होगी (हंसी एवं भाोर)

चौधरी रिजक रामः स्पीकर साहब, ऐसी तो कोई बात नहीं है। मेरा तो केवल इतना ही कहना है कि चौधरी बीरेंद्र सिंह हर बार यूहीं बोलने के लिये खड़े हो जाते है वरना इनकी बातों का कोई मतलब नहीं होता। ये यूं ही खड़े हो जाते है और हाउस का टाईम खामखाह जाया कर रहे है। (ाोर एवं व्यवधान)

चेयर के आदे ाानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

श्री बीरेंद्र सिंहः स्पीकर साहब, चौधरी खुर ाीद अहमद साहब ने हाउस को साईने डाई ऐडर्जन करने का मो ान मूव किया है और साथ ही उन्होंने कहा कि बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की जो रिपोर्ट है, उसको भी इग्नोर नहीं किया जाना चाहिए। इस बारे में मेरा इतना ही कहना है और भाायद वे रिकलैक्ट भी करेंगे कि जब बिजनैंस ऐडवाइजरी कमेटी की मीटिंग

हुई थी उस वक्त यह मसला पंजाब असैम्बली में नहीं उठा था अब चूंकि दोनों असैम्बलियां बराबर बराबर चल रही है, इन हालात में यह जरूरी हो जाता है कि पब्लिक एट लार्ज के जो विचार हैं, फिलिंग्ज है, उनका भी ध्यान रखा जाए। पंजाब के मिनिस्टरों ने जो मुखतलिफ ब्यान दिये है और खास तौर पर पंजाब के मुख्य मंत्री सरदार दरबारा सिंह जी ने जो ब्यान दिये है, उन से पब्लिक एट लार्ज की फीलिंग्ज जो थी वह परटर्बड हुई। फिर जबकि हम सै ान में हों और यह कह दिया जाए कि यहां पर ऐसे अहम मुद्दे डिसक्स नहीं हो सकते तो यह कहना भाोभा की बात नहीं है। मैं तो स्पीकर साहब समझता था कि ये मो ान मूव करेंगे और सरकार हमें ऐनकरेज करेगी। मेरा निवेदन है कि इस मो ान पर थौरो डिसक ान होनी चाहिए ऐसा करने से बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट को इग्नोर करने का तो कोई सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि यह मसला भाुरू में न तो अखबारात में था और न ही असैम्बली में था। किसी जगह पर नहीं था। (ाोर)

Mr. Speaker: I must point out that I had already admitted a call attention notice on this subject keeping in view the urgency of the matter but, unfortunately, the hon. Member concerned was not present to call the attention of the Government. (Interruptions.)

Shri Verender Singh: That is correct, Sir. But unfortunately we had to boycott the Session yesterday. स्पीकर

साहब, इसका मतलब यह नहीं है कि इससे हमारा कोई कंसर्न नहीं। जितना कंसर्न इनका है उतना ही हमारा है और उतना ही हरियाणा की जनता का भी है। अगर एक दिन के लिये सै ान और बढ़ जाए तो कौन सा पहाड़ टूट पड़ेगा? इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि वह इस पर दोबारा गौर करें, जरा ठण्डे दिमाग से इस पर विचार करें क्योंकि यह बड़ा इम्पौर्टैंट मैटर है, इसमें किसी को कोई एतराज नहीं होना चाहिए। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री हीरा नंद आर्य(लोहारू): स्पीकर साहब, बीरेंद्र सिंह जी के सुझाव पर सरकार को दोबारा विचार करना चाहिए, इसमें किसी की प्रैसटिज का सवाल नहीं है। इसमें सारे हरियाणा की जनता के हित की बात है। इसलिये सरकार को अपने फैसले पर दोबारा विचार करना होगा। (ाोर)

चौधरी रिजक राम(राई): स्पीकर साहब, यह तो एस. वाई.एल. का मसला है, यह पहले भी हाउस में कई बार डिसकस हो चुका है। इसके लिये हाउस के सभी मैंबरों ने अपना कंसर्न जाहिर किया था और इस बारे में सरकार से अनुरोध किया था कि वह ज्यादा से ज्यादा इस मसले पर अपनी भाक्ति लगाकर, इसकी पैरवी करे। उसके बाद हरियाणा सरकार की तरफ से इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में सूट भी दायर हो गयी और उधर दूसरी तरफ पंजाब सरकार ने अलग से दावा कर दिया। स्पीकर साहब, मैं सरकार को आपके माध्यम से सुझाव देता हूं कि इस बात को

ऐग्जामिन किया जाए कि आया इस दावे को वापिस लेना मुनासिब होगा या नहीं क्योंकि इसमें कानूनी अड़चन है कि अगर एक बाद दावा वापिस ले लिया तो फिर हम दोबारा यह दावा नहीं कर सकते। दावा वापिस लेने से हमारे खिलाफ भी फैसला हो सकता है दूसरे अगर पंजाब सरकार अपने दावे को वापिस नहीं लेती तो हमें भी वापिस लेने का क्या फायदा है? इसलिए मैं कहूंगा कि इस के लिय हमें पैरवी करनी चाहिए। जहां तक दावे का सवाल है, हमने तो दो तीन बार सुप्रीम कोर्ट में लिखकर भी दिया है कि इसकी जल्द से जल्द सुनवाई की जाए मेरा विचार है और जैसे मुख्य मंत्री महादेय ने भी फरमाया है कि इन छुट्टियों के बाद भाायद सुनवाई हो जाएगी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के अन्दर पहले ही दारियाओं के पानी के झगड़ों के बारे में कहा जा रहा है कि इन झगड़ों को 6 महीनों के अन्दर अन्दर निपटाया जाना चाहिए इसलिये इस मामले की भी जल्दी सुनवाई हो जाएगी। इस मसले के बारे में कोई दो राय नहीं है और न ही किसी का कोई मतभेद है। हरियाणा का एक एक बच्चा, अपोजि ान के सभी माननीय सदस्य इस सरकार के साथ है और उन सब की सहमति सरकार के साथ है कि एस.वाई.एल. का फैसला हरियाणा के हक में ही होना चाहिए। हरियाणा को अपने पानी का हिस्सा मिलना ही चाहिए। यह मसला हरियाणा के लिए जिन्दगी और मौत के बराबर है और इसी सिलसिले में चौधरी बीरेंद्र सिंह और मुख्य मंत्री महोदय, ने भी अपने सैन्टीमैंटस जाहिर किये है। इस मामले में हम सब की सहमति भी उनके साथ है। इसलिये मैं समझता

हूं कि जो आज का बिजनैस है, उसको ट्रांजैक्ट करने के लिये पूरा टाईम मिलना चाहिए और जो एस.वाई.एल. का मसला है, इसका भी कोई न कोई हल हमारी सरकार को अव य और जल्दी ही निकालना चाहिए जिससे कि हरियाणा का भला हो सके। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं क्योंकि आपने मुझे बोलने का समय दिया तथा अपना स्थान लेता हूं।

Mr. Speaker: Hon. Members, I think, we have had sufficient discussion on this subject. (Interruption.) Now I will put the motion to the vote of the House.

Question is-

That the Assembly at its rising this day shall stand adjourned sine-die.

आवाजें: स्पीकर साहब, इस पर हम डिवीजन चाहते है।

Mr. Speaker: All right. Those who are in favour of the motion, they may please rise in their places.

(At this stage, the members from the Treasury benches rose in their places.)

दि पंजाब ऐग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा सैंकिंड अमैंडमैंट एंड वैलिडे ान) बिल

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि डिवीजन से पहले

आपने बैल नहीं बजाई। आपको बैल बजा कर फिर डिवीजन करवानी चाहिए थी।

(At this stage, the division bells were rung)

After a scertaining the votes of the Members by voices, Mr. Speaker announced the "the Ayes have it." This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Speaker after calling upon those members who were for "Aye" and those who were for "No" respectively, to rise in their places and on a count having been taken declared that the motion was carried.

The motion was carried.

(At this stage, Mr. Deputy Speaker occupied the Chair)

Dr. Mangal Sein: Mr. Deputy Speaker, Sir, under rule 94(4) (c) we want division in the respective lobbies. It is obligatory on your part, Sir.

Mr. Deputy Speaker: Sub-rule (3) of Rule 94 reads-

"If the opinion of the Speaker as to the decision of a question is challenged, he may, if he thinks that the division is unnecessarily claimed, ask the members who are for "Aye" and those for "No" respectively to rise in their places and, on acount being taken, he may delcare that determination of the Assembly. In such a case the names of the voters shall not be recorded."

The Hon'ble Speaker has adopted the above method and there will be no further discussion on it.

दि पंजाब ऐग्रीकल्चर प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा सैकिंड अमैंडमैंट एंड वैलिडे ान) बिल, 1980

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, मैं दि पंजाब ऐग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा सैकिंड अमैंडमैंट एंड वैलिडे ान) बिल पे ा करता हूं।

श्री उपाध्यक्षः मुझे श्री रामलाल वधवा द्वारा पंजाब ऐग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा सैकिंड अमैंडमैंट एंड वैलिडे ान) आर्डिनैंस 1980 (हरियाणा आर्डिनैंस नं 2 आफ 1980) की डिस्ऐप्रूवल का नोटिस मिला है। हाउस का समय बचाने के लिये यदि सदन सहमल हो तो इस मो ान पर तथा बिल की कंसिड्रे ान की मो ान पर इक्ट्ठा विचार कर लिया जाए but at the conclusion of the debate these will be put to the vote of the House separately.

आवाजें: ठीक है, जी।

श्री भाम ोर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। सभी हाउस में डिवीजन हुआ। मैं अपने विरोधी पक्ष के भाइयों का आदर करता हूं लेकिन इन विरोधी पक्ष के भाइयों ने हाउस को किस तरह से मिसलीड करने की कोि ा ा की और किस तरह से गैलरीज को प्ले–अप करने की कोि ा ा की। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि क्या

यह डिवीजन इस बात को लेकर हुई थी कि बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार हाउस आज की कार्यवाही के बाद साइने–डाई ऐडजर्न किया जाए या एस.वाई.एल के मसले को लेकर डिवीजन हुई थी? वे कहते है कि एस.वाई.एल. के बारे में रैजोल्यू ान असैम्बली के सामने था और उस पर यह डिवीजन हुई है। आज एस.वाई.एल का कोई इ ू हमारे सामने नहीं था। (ाोर) उपाध्यक्ष महोदय, मेरे विरोधी पक्ष के भाइयों ने जो सवाल रेज करके एस.वाई.एल. का जिक्र किया है, इस बारे में मेरी सबमि ान यह है कि 1977 के इलैक ान के बाद जब चौधरी देवी लाल जी मुख्य मंत्री बने (ाोर व विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, अब इन विरोधी पक्ष के भाइयों में मेरी बात सुनने की हिम्मत होनी चाहिए। जब चौधरी देवी लाल जी इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री थे उस वक्त उन्होंने हाउस में इस बात का आ वासन दिया था कि..... ...(ाोर एव विघ्न)

श्री कंवल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री हीरा नंद आर्यः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि इनका प्वायंट आफ आर्डर इतना लम्बा नहीं होना चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: Arya Sahib, please sit down, I will give my ruling on this.

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैंने एक काल अटैं ान मो ान दिया था वह ऐडमिट हो चुका है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी गंगा राम जी आप बैठ जाइए। यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी राम लाल वधवाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि श्री भाम ोर सिंह जी अपना प्वायंट आफ आर्डर रेज कर रहे है या भाशण दे रहे है? (ाोर एवं विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: Wadhwa Sahib, please sit down. As I stated earlier, I will give my ruling on this.

श्री कन्हैया लाल पोसवालः डिप्टी स्पीकर साहब, किसी मैंबर को बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह तो बहुत गलत बात है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री भाम ोर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी यह सबमि ान है कि .....(ाोर एवं विघ्न)

Shri Verender Singh: Deputy Speaker Sahib, this is not a point of order. (Interruptions). It is disorder. (Interruptions)

Mr. Deputy Speaker: Please sit down. This I will decide, you are nobody to decide. (Interruptions.)

चौधरी उदय सिंह दलालः डिप्टी स्पीकर साहब, सुरजेवाला जी कौन से रूल के तहत प्वायंट आफ आर्डर रेज कर रहे है? (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी राम लाल वधवाः डिप्टी स्पीकर साहब, ये कौन से रूल्ज के तहत बोल रहे है, आप इनसे रूल तो पूछे। (ाोर एवं विघ्न) ये रूल कोट करें। (ाोर)

श्री मूल चंद जैनः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। प्वायंट आफ आर्डर तो एक फिकरे का होता है, उस में भाशण नहीं होता है लेकिन श्री भाम ोर सिंह जी तो भाशण दे रहे है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री भाम ोर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, अगर मेरे विरोधी पक्ष के भाई मुझे इंट्रप्ट न करते तो मैं अपनी सबमि ान एक मिनट में खत्म कर देता। इसलिये कसूर इनका है मेरा नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कह रहा था कि 1977 के बाद जब चौधरी देवी लाल जी इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री थे तो उन्होंने इस हाउस में कहा था कि फलां तारीख को एस.वाई.एल. का उद्घाटन किया जाएगा। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी उदय सिंह दलालः डिप्टी स्पीकर साहब, आप इनसे पूछे कि ये कौन से रूल के तहत बोल रहे है? आप हमसे तो रूल पूछते हो। इनसे भी तो पूछे कि ये कौन से रूल के तहत बोल रहे है? (ाोर एवं विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: Order please. No interruptions. (Interruptions)

श्री भाम ोर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक मिनट में अपनी सबमि ान खत्म करता हूं लेकिन मेरे विरोधी पक्ष के भाइयों में सुनने की हिम्मत तो है नहीं क्योंकि सुनने में इनका पर्दा फा ा होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, जब चौधरी देवी लाल जी इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री थे उस वक्त एस.वाई.एल. के बारे में जो रैजोल्यू ान मैं लेकर आया था। (ाोर एवं विघ्न)

श्री मूलचंद जैनः डिप्टी स्पीकर साहब, प्वायंट आफ आर्डर उसी सब्जैक्ट पर हो सकता है जिस पर डिसक ान हो रही हो। यह मसला तो इस समय अन्डर डिसक ान नहीं है। यह प्वायंट आफ आर्डर किस बात का रेज कर रहे है? (ाोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः अगर आपका प्वायंट आफ आर्डर इस मामले से संबंधित नहीं है जो अन्डर डिसक ान है तो मैं उसे डिस–अलाऊ करता हूं। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी संत कंवरः डिप्टी स्पीकर साहब, एस.वाई.एल. का पानी इन्होंने बेच दिया है इसलिये ये इस बारे में डिस्क ान नहीं करना चाहते है। (ाोर एवं विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: Sant Kanwar ji, please sit down otherwise I will be compelled to name you.

Chaudhri Sant Kanwar: Yes, you can.

Mr. Deputy Speaker: The business before the House is the punjab Agricultural Produce Market (haryana Second Amendment and Validation) Bill. If your point of order is not concerning this bill then I disallow it.

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, आज के लिये मेरा काल अटैन् ान मो ान ऐडमिट हुआ था। मुझे अपना काल अटैं ान मो ान पढ़ना है इसलिये मुझे टाईम दिया जाए। (ोर)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी गंगा राम जी मैं आपको बैठने के लिये कह रहा हूं बोलने के लिए अलाऊ नहीं कर रहा हूं। इसलिये मेहरबानी करके आप बैठ जाएं। (ोर एवं विघ्न)

मुख्य मंत्री(चौधरी भजन लाल): डिप्टी स्पीकर साहब, जो अभी डिवीजन हुआ क्या वह एस.वाई.एल. के बारे में हुआ या हाउस उठने के बारे में हुआ? (ोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः हाउस उठने के बारे में। (ोर)

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी भी बात सुन लीजिए। आज के लिये मेरा एक काल अटैं ान मो ान एडमिट हुआ है।(ोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः चौधरी गंगा राम जी जब आपको स्पीकर साहब ने काल अपोन किया था, उस समय आप हाउस में नहीं थे

इसलिये वह रिजैक्ट हो चुका है। अब आप भाांति से बैठ जाएं। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी गंगा रामः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा काल अटैं ान मो ान बहुत जरूरी हैं क्योंकि बाजरे के बीज का घोटाला हो रहा है।(ाोर एवं विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: Chaudhri Ganga Ram Ji, I will not allow you to speak. (Interruptions.)

Shri Verender Singh: Deputy Speaker Sahib, kindly give him a chance to speak. (Interruptions)

श्री उपाध्यक्षः अब चौधरी राम लाल वधवा अपना मो ान मूव करेंगे।

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: Sir, I beg to move-

That this House disapproves the Punjab Agricultural Produce markets (Haryana Second Amendment and Validation) Ordinance, 1980 (Haryana Ordinance No. 2 of 1980.)

Mr. Deputy Speaker: Motion moved-

That this House disapproves the Punjab Agricultural Produce markets (Haryana Second Amendment and Validation) Ordinance, 1980 (Haryana Ordinance No. 2 of 1980.)

Agriculture Minister (Sardar Tara Singh): Sir, I beg to move-

That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Second Amendment and Validation) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved- That the Punjab Agricultural Produce Markets (Haryana Second Amendment and Validation) Bill be taken into consideration at once.

परिवहन मंत्री (श्री जगन नाथ): डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मेरे विरोधी पक्ष के भाइयों ने आज सूर्य मैगजीन का जिक्र किया लेकिन इनके बारे में आज अखबारों में आया हुआ है कि हरियाणा के अपोजि ान के विधायक इस्तीफा दे रहे है। (ाोर एवं विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: No interruptions please.

वाक आउट

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, मेरा काल अटैं ान मो ान एडमिट हुआ था परन्तु मुझे उसे पढ़ने के लिये समय नहीं दिया जा रहा है। प्रजातंत्र का गला घोंटा जा रहा है और बोलने का जो अधिकार है वह खत्म किया जा रहा है। इसलिये मैं प्रोटैस्ट के तौर पर वाक–आउट करता हूं। (ाोर एवं विघ्न)

(इस समय चौधरी गंगा राम सदने से वाक–आउट कर गये)

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, श्री जगन नाथ जी बहुत बोलते है इन को कहें कि जब वे प्वायंट आफ आर्डर पर बोलें तो रूल कोट करें कि किस रूल के तहत प्वायंट आफ आर्डर रेज कर रहे है। (व्यवधान)

Mr. Deputy Speaker: I would request the hon'ble Members not to interrupt please.

दि पंजाब ऐग्रीकल्चर प्रोडयूस मार्किटस (हरियाणा सैकिंड अमैंडमैंट एंड वैलिडे ान) बिल, 1980 (पुनरारम्भ)

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने पंजाब ऐग्रीकल्चरल प्रोडयूस मार्किटस आर्डिनैंस जिस के ऊपर सदन में बिल पे ा हुआ है को डिस–एप्रूव करने का नोटिस दिया है। सबसे पहले मैं आपके नोटिस में जो मुख्य बात लाना चाहता हूं वह यह है कि वह जुलम तो हमने सह लिया कि बिल रात को हमारे पास आये लेकिन सुबह हाउस में यह कहा जाये कि इन पर डिस्क ान भी आज ही होगी। यह गलत बात है। रूल्ज के मुताबिक बिल पर डिस्क ान करने के लिये 14 दिन का नोटिस देना चाहिए। सरकार ने हमारे साथ ज्यादती की है कि 14 दिन का नोटिस न देकर आज लास्ट डे को बिल ऐडमिट कर लिया और कह दिया कि यह आज ही आयेगा और इस पर आज ही डिस्क ान होगी। डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात आपकी परमि ान से अर्ज करना चाहता हूं क्योंकि यह चेयर से बिलोंग करती है। जो बिल सदन में पे ा किये जाते है, कम से कम

उनको देख लिया जाए कि वे इन–आर्डर भी हैं या नहीं। बिल इन आर्डर होने चाहिएं और ढंग से सदन में पे ा किये जाएं। ऐसे बिल जिनमें प्रिंटींग मिस्टेक हो और बिल में पूर फैक्टस न दिए जाएं, कम से कम उनकी डिले कंडोन नहीं करनी चाहिए। (व्यवधान) इस बिल की स्टेटमैंट आफ आब्जैक्टस एंड रीजंज में लिखा है–

"There has been substantial increase in the work of the Haryana Agricultural Marketing Board in the last few years. In order that the Board is able to handle the increased work-load with efficiency, close, effective administrative supervision and co-ordination would be necessary. It is, therefore, proposed to provide the haryana Agricultural Marketing Board with a Senior Officer with the status of a Head of the Department from the State Government. This officer will be designated as Chief Administratior.

The rate of market fee was raised from Rs. 2/ to Rs. 3/- per cent with effect from September 5, 1977. The Supreme Court of India struck down the said enhancement vide its judgement, dated the May, 4, 1979. As a consequence of the said judgement of the Supremen Court , the market fee which roughly amounts to more than Rs. 8 crores, was required to be refunded. In reality in almost all the cases dealers had passed on the burden of the market fees to the next purchaser. The refund is likely to result in heavy financial burden to Market Committees extending undue benefit toa small number of traders. Besider, huge development activities are being taken

in the various Market Committees. Hence, It is necessary to validate the recovery of the enhanced market fee.

There has been found a lacuna in the definition of "Processing". To remove this lacuna, necessary provision has also been made."

तीन चीजें स्टेटमैंट आफ औब्जैक्टस एंड रीजन्ज में दी हुई है। पहली चीज यह है कि काम बढ़ गया है जिसके लिये चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर की जरूरत है। दूसरे सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि एनहांसड रेटस पर मार्किट फीस वसूल नहीं कर सकते लेकिन ये जबरन वसूल करते रहे। तीसरे प्रोसैसिंग की डैफिनि ान बदल दी गई है। अब आप ऐक्ट की सैक ान 2 को पढ़े। इस में जो क्लाज (एन एन) एड की है, उसमे ं लिखा है—

"Procession" means giving a treatment or a series of treatment to an agricultural produce in order to make it fit for use or consumption and includes manufacturing of an agriculturla produce.

"प्रोसैसिंग'' की डैफिनि ान इन्होंने बता दी है लेकिन बिल के अन्त में अनैक्सचर दिया होता है जिसमें ओल्ड ऐक्ट के ऐक्सट्रैक्टस दिये होते है जिससे मैंबर साहेबान को यह पता लग सके कि पहले क्या पोजी ान थी यानी 'प्रोसैसिंग' की पहले क्या डैफिनि ान थी और अब क्या डैफिनि ान कर रहे है? मिनिस्टर साहब एल.एल.बी. पास है, मैं तो बी.ए. ही हूं, भाायद मैं कानून के बारे मैं कम जानता हूं। मेरे कहने का मतलब है कि अनैक्सचर में

'प्रोसैसिंग' का कोई जिक्र नहीं है, कोई डैफिने ान नहीं दी गई है। इस वजह से मेरी हालत भी काबले रहम है। इसके बारे में मैं क्या कहूं कि क्या ठीक है क्या गलत है? जब तक अनैक्सचर में ओल्ड एक्ट की डैफिनि ान नहीं दी जाती, तब तक बात करना मु ि कल है। अगर इस किस्म के बिल हाउस में ऐडमिट हों तो मैंबर क्या करें? सिवाये इसके कि मैंबर 'नो' कह कर चले जायें, और कोई चारा नहीं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब यह है कि बिल के संबंध में इसी ग्राउंड पर मेरा लीगल औब्जैक ान है कि यह बिल बेसिकली गलत है, कम्पलीट नहीं है। इसको हाउस में कंसिडर करने के लिए परमी ान नहीं होनी चाहिए, गवर्नमैंट इस बिल को स्वयं वापिस ले ले। इसी तरह के और भी कई लकूने है। अगर मैं सारे लकूने बताने लगूं तो बहुत समय लगेगा। एक नहीं 6 लकूने बता सकता हूं। इसलिये ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से मेरी अर्ज है कि इस बिल को वापिस ले लें और इसकी ड्राफ्टिंग ठीक ढंग से कर के हमारे पास भेजें।

डिप्टी स्पीकर साहब, यह कहना कि काम बहुत त्यादा हो गया, यह बात मुझे समझ में नहीं आई। मार्किटिंग बोर्ड का काम कैसे बढ़ गया? सड़कों का काम मार्किटिंग बोर्ड के पास होता था लेकिन अब वह पी.डब्ल्यू.डी. को दे दिया गया। बोर्ड सिर्फ फीस वसूल करता है। अब जुल्म यह हो रहा है कि मार्किट कमेटी के पास वह रूपया नहीं रहने दिया जाता सारा रूपया

मार्किटिंग बोर्ड कमेटी में आता है और फिर स्टेट पूल में चला जाता है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि मार्किटिंग बोर्ड की क्या आव यकता है? मार्किट फीस चाहे प्रोडयूसरज की जेब से निकलती है, चाहे परचेजर की जेब से निकलती है, लेकिन है तो एक किस्म का टैक्स? इतना बड़ा मार्किटिंग बोर्ड बनाकर, सारे हरियाणा में लम्बे चौड़े दफ्तर खोल कर इतना स्टाफ केवल फीस वसूल करने के लिये रखना, मैं समझता हूं हरियाणा के ऊपर बर्डन है। फीस इकट्ठी करने के लिये इतना स्टाफ रखने की कोई आव यकता नहीं हैं। इससे ज्यादा अच्छा तरीका यह है कि सरकार मार्किटिंग फीस की जगह टैक्स लगा दे लेकिन मार्किटिंग बोर्ड की कोई जरूरत नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह कहना कि काम बढ़ गया है इसलिये चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर लगाया जाए, यह गलत बात है। चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर एक सरकारी अफसर होगा और वह भी आई.ए.एस.। इनके पास आई.ए.एस. आफिसर्ज का कोटा आ रहा है उनको लगाने के लिए इनके पास और तो जगह है नहीं, कहीं न कहीं तो ठोकना ही है इसलिये यहां ठोक दिया। चेयरमैन उनके नीचे काम करते रहेंगे ताकि बोर्ड को इंडिपेंडेंटली काम न करने दिया जाए। सरकार का यह कहना कि काम बढ़ गया है, इसलिये ऐडमिनिस्ट्रेटर लगाने की आव यकता पड़ी, यह गलत बात है, कोई काम नहीं बढ़ा है बल्कि काम कम हुआ है। सड़को ंका काम पी.डब्ल्यू.डी. को दे दिया गया, इससे काम बढ़ा नहीं बल्कि कम हो गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, जब कोई बात आती है तो कह दिया जाता है कि चेयरमैन लगाना जरूरी है।

ठीक है, लगे लेकिन कम से कम इनके लगने से महकमें का काम तो ठीक से चले, लेकिन चल नहीं रहा है। किसी भी कार्पोरे ान में मुलाजिम एफि ाएंटली काम नहीं कर रहे है। इसका कारण यह है कि चुने हुए नुमायंदे यानि लैजिस्लेटर्ज जिनको चेयरमैन लगाया जाता है, उन के पास पावर्ज ही नहीं है, उनको पावर्ज देनी चाहिएं। हमारे मानीय सदस्य यहां बैठै है, वे कहते है कि जब वे कार्पोरे ान के चेयरमैन थे तो कार्पोरे ान में काफी प्रौफिट हुआ। अगर प्रौफिट हुआ तो इसका मतलब है कि वे काफी किम्पटैंट है। अगर वे कम्पिटैंट हैं तो उन्हीं को चेयरमैंन बनाना चाहिए क्योंकि वे कहते है कि उन्होंने काफी प्रगति की है। अगर ऐसा है तो बीच में रूकावट डालने के लिये ऐडमिनिस्ट्रेटर क्यों भेजा जा रहा है? आप ज्वायंट सैक्रेटरी के स्टेटस के आदमी को वावर्ज देकर एडमिनिस्ट्रेटिव हैड बना रहे है और चेयरमैन की पावर्ज कम कर रहे है इसका परिणाम यह होगा कि चेयरमैन उस अधिकारी के आगे हाथ जोड़ का खड़ा हो जाएगा और कहेगा कि मैं आपका ओबडिएंट सर्वेंट हूं उपाध्यक्ष महोदय, बेहतर रहेगा कि ये एक अखाड़ा बनाएं और उसमें औफिसर्ज और एम0एल0एज0 की लड़ाई कराए। एक तरफ तो चेयरमैन की पावर्ज खोस कर आफिसर्ज को दी जा रही है और दूसरी तरफ लैजिसलेचर की पावर खोस कर ऐग्जैक्टिव को दी जा रही है। यह डैमोक्रेटिक दे ा है या ताना ााही का दौर है? (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय यह तो कंट्राडिक्टरी चीजें हो रही है। एक तरफ तो चेयरमैन है और एक तरफ चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर है। इसलिये

मैं आपके द्वारा सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या मार्किटिंग बोर्ड के मैंबर्ज और चेयरमैन ने इनके पास कोई प्रस्ताव पास करके भेजा है कि हमारा काम बहुत बढ़ गया है और हम इतने नालायक और इनऐफिि ाएंट है कि इस काम को नहीं कर सकते। (ाोर)

चौधरी राम कि ानः उपाध्यक्ष महोदय, इन्होंने लालायक और इनऐफिि ाएंट भाब्दो का प्रयोग किया है। ये प्रौसीडिंग्ज मैं से एक्सपंज होने चाहिए। (ाोर)

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज।

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि ये दो कंट्राडिक्टरी चीजें है जो किसी कार्पोरे ान और बोर्ड को चलने नहीं देंगी। मैं यह बात इसलिये भी कह रहा हूं क्योंकि अगले जो दो बिल्ज आ रहे, उनमें भी यही बात है। पता नहीं सी.एम. साहब को रात को कोई सपना आ गया होगा जो वे यह बिल ले आए वरना इसमें कोई खास बात नहीं है। (विघ्न) ऐसा लगता है कि जो एम.एल.एज. चेयरमैन बने हुए है, वे इनसे कोआप्रेट नहीं करते हैं या जो बात ये कहते है उसे वे मानते नहीं है। चूंकि उनके सहारे ये मुख्य मंत्री बने हुए है इसलिये जब ये आंख दिखाते होंगे तो वे मानते नहीं होंगे। इसलिये अब ये इनमें अफसर घुसेड़ रहे है ताकि उनको काबू करे रखें। तो चेयरमैन के साथ यह बड़ा अन्याय हो रहा है। मैं

समझता हूं कि उनकी डिगनिटी को चैलेंज किया जा रहा है और उनकी ग्रेस को खत्म किया जा रहा है। इसलिये मेरा आपको द्वारा सरकार से निवेदन है कि एम.एल.एज. के साथ ऐसा जुल्म न किया जाएं। यहां इनको यह बोलने नहीं देते वहां उनकी वैसे ही बोलती बंद करने जा रहे है। ऐसे काम सरकार न करे तो अच्छा रहेगा। अगर बोर्ड ने कोई रैजोल्यू ान पास करके भेजा हो कि उनके पास चूंकि बहुत काम है इसलिये ऐसा कर दिया जाए तब तो बात कुछ समझ में आ सकती है वरना सरकार को क्या जरूरत पड़ गई है कि यहां पर ऐडमिनिस्ट्रेटर लगाया जाए?

उपाध्यक्ष महोदय, दूसरी बात मैं फीस के बारे में कहना चाहूंगा। इसमे तो डिफरैंस आफ ओपिनियन हो सकता है कि रूपया वापस करने से नुक्सान होगा लेकिन मैं एक बात और कहना चाहता हूं। हम डैमोक्रेटिक कंटरी में रहते है और डैमोक्रैसी के तीन स्तम्भ है ऐग्जैक्टिव, लैजिसलेचर और जुडीि ायरी। लैजिसलेचर कानून बनाती है, ऐग्जैक्टिव उसको लागू करती है और अगर कहीं इम्पलीमैंट ान में गलती होती है तो हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट उसको देखती है। वह ाकनून की इन्टरप्रटे ान करती है। डिप्टी स्पीकर साहब, जिस वक्त यह फीस बढ़ी थी हमने उस वक्त भी आवाज उठाई थी कि फीस दो परसैंट ही होनी चाहिए तीन परसैंट नहीं लेकिन हमारी बात नहीं मानी गई।

श्री मांगे राम गुप्ताः आप भी तो उस समय सरकार में थे।

चौधरी राम लाल वधवाः हमारा इस बारे में पार्टी में डिफरैंस आफ ओपिनियन था। कुछ मैंबर्ज ने, जिनमें मैं भी भाामिल था, उस समय के मुख्य मंत्री जी को इस बारे में कहा था और उन्होंने इस बात को स्वीकार भी कर लिया था लेकिन बाद में सरकार ही टूट गई और वह विचार इम्पलीमैंट नहीं हो सका। हमने वैसे ही यह बात नहीं की थी कि मार्किट फीस नहीं बढ़नी चाहिए बल्कि सारे पहलुओं पर विचार करके यह कहा था। व्यापारियों को बुलाया गया था, प्रोडयूसर्ज को बुलाया गया था, उनकी बात सुनी गई थी और मैरिट पर उनको यह बात कही गई थी। (विघ्न)

श्री मांगे राम गुप्ताः व्यापारियों को तो आपने जेल मैं डाला था।

श्री उपाध्यक्षः मांगे राम जी आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा, आप बीच में इस तरह से इंट्रप्ट न करें। (विघ्न)

श्री मांगे राम गुप्ताः **********

श्री उपाध्यक्षः मेरी इजाजत के बगैर जो बोला जा रहा है वह रिकार्ड नहीं होगा।

Not recorded as ordered by the Chair.

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, ये व्यापारियों के नुमांयदे है। मैं व्यापारियों की बात कर रहा हूं और ये उसे सुन भी नहीं रहे है। (विघ्न)

चौधरी उदय सिंह दलालः**********************************

श्री उपाध्यक्षः जो मेरी इजाजत के बिला बोला जा रहा है, वह रिकार्ड नहीं हो रहा है।

चौधरी राम कि ानः **********************************

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

श्री उपाध्यक्षः कौन से रूल के तहत?

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब, अपोजि ान की तरफ से.....

Mr. Deputy Speaker: Nothing will be recorded. (Intgerruptions). No direct intervention please.

चौधरी राम लाल वधवाः उपाध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज कर रहा था कि सरकार ने, चाहे वह हमारी थी या किसी और की थी, मार्किट फीस दो परसैंट बढत्रा कर तीन परसैंट कर दी। लेकिन व्यापारियों ने पहले हाई कोर्ट में और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में

उसे चैलेंज किया तथा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को इसको बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं था और वह रूपया उनको वापस मिलना चाहिए। अब सरकार यह कर रही है कि वह जो रूपया इन्होंने लिया था वह नैक्सट परचेजर को गया समझा जाएगा। यह कितनी गलत बात है? सरकार कोर्ट में पे ा तो हुई होगी। पूरा फैसला तो मेरे सामने है नहीं लेकिन यह बात अन्डरस्टुड है कि यह बढ़ौतरी गलत है। सरकार ने अपना केस कोर्ट के सामने रखा होगा लेकिन अगर उसके बावजूद भी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया की जो हायस्ट कोर्ट है, सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया, यह उसका कंटैम्पट होगा। जो भी फैसला कोर्ट दे वह अगर ऐग्जैक्टिव को सूट ने करता हो और वह इस तरह हमारे से 'यस' करा ले यह कंवैन ान्ज के भी अगेन्सट है। यह डेमोक्रेटिक (11. 00बजे) सैट–अप है। इसलिये यह बात उसके भी अगेन्सट है। जितने आदमियों से नाजायज तौर पर पैसा वसूल किया गया है उसको वापिस किया जाना चाहिए। इन लोगों के साथ तो वही बात हो रही है।

ये समझे थे गुजर जायेगा दौरे इम्तहां एक दिन।

मगर यह जिन्दगी जालिम मुसलसल एक इम्तहां निकली।

श्री जगन नाथः इनको बम्बई भेज दो, वहां जरूरत है।

Not recorded as ordered by the Chair.

चौधरी राम लाल वधवाः डिप्टी स्पीकर साहब इनकी समझ में ये चीजें नहीं आती। यह तो वही बात है–

जब कोई फितना जमाने में नया उठता है।

वह इ ाारे से बता देता है तुरबत मेरी।।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने यह बात मैरिटस पर कही है। चौधरी देवीलाल जी के टाईम पर आकंड़ें इक्ट्ठे किये गये थे। दिल्ली के ासापास के एरिया में जो प्रोड्यूस होती है वह सारी की सारी दिल्ली की मंडियों में चली जाती है। यह प्रैक्टिकल रूप से पता लग चुका है। डिप्टी स्पीकर साहब सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है उसे आनर करना चाहिए और पावर का मिस यूज इस तरह से नहीं करना चाहिए यह लीगल तौर पर भी ठीक नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के डिसिजन को भी न माना जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब प्रोसैसिंग के बारे में मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता। उसमें भी लकूना है। वह तो क्लाज ही गलत है। इस समय वह मेरे सामने नहीं है। मैं आपसे निवदेन करूंगा कि जो मैंने डिसऐप्रूवल का नोटिस दिया है वह स्वीकरा किया जाये। यह बिल बिल्कुल नामुकम्मल और इररैगुलर है। अगर हमारे पास कियसा जाता है तो इसमें सुप्रीम कोर्ट की कंटैम्पट का सवाल आ जाता है। इसलिये सरकार को यह बिल वापिस लेना चाहिए और इसको पास नहीं किया जाना चाहिए।

चौधरी उदय सिंह दलाल(बादली): डिप्टी स्पीकर साहब, मार्किट कमेटियों से संबंधित बिल हर सै ान में ले आते है। मेरी समझ में नहीं आता कि सरदार तारा सिंह जी जो स्वयं किसान हैं वे कैसे किसानों के एंटी हो गये है। मार्किट कमेटी इसलिये बनायी गई थी कि किसान जो माल मंडियों में ले कर जायें उसको बेचते वक्त उनके साथ किसी किस्म की ज्यादती न हो। उनके माल की हिफाजत हो सके। उनके माल में कोई हेरा–फेरी न हो। किसानों के लिये रैस्ट हाउसिज बनाये जायें। अगर व्यापारी उनके साथ बेइमानी करते है वह बेईमानी न हो, ठीक तरह से उनके माल की बोली हो। मैं किसी व्यापारी को बेईमान नहीं कहता लेकिन उनके माल की तुलाई ठीक हो इस तरह की सुविधायों किसानों को देने के लिये यह बिल पास किया गया था।

इस बिल के अन्दर पास करते वक्त यह पाबंदी भी लगायी गई थी कि मार्किट कमेटी के चेयरमैंन किसान होगा, व्यापारी को चेयरमैन नहीं बनाया जाएगा। उसमें यहां तक भी था कि जो भी मार्किट बोर्ड या मंडियों की निगरानी करने वाले होंगे या उसमें जो सर्विस करेंगे वह ज्यादातर लेबर और किसानों के ही नुमाइंदे होंगे लेकिन आहिस्ता आहिस्ता कुछ न कुछ तबदीली करके सारी सहूलियतें खत्म होती जा रही है। गांवों में जो कोआप्रेटिव सोसाइटिज है उनकी नुमाइन्दगी भी चुनाव से होती थी लेकिन उसमैं भी अब तबदीली की जा रही है। जो कोई

आदमी सफेद कपड़े पहन कर मिनिस्टरों के रैस्ट हाउसिज में चक्कर लगाता है उसी को मंडी का चौधरी बना दिया जाता है।

आजकल नोमिने ान का सिस्टम बना दिया है किसी को ही नोमीनेट कर दिया जाता है। सरदार तारा सिंह जी भी किसान है। उनकी जिम्मेदारी हमारे से ज्यादा है। पता नहीं कुछ उनकी मजबूरी हो गई है। जब से वे उस तरफ को गये है तब से वे कुछ मजबूर से हो गये है। आज आहिस्ता आहिस्ता पूरा का पूरा कंट्रोल किसानों की बजाये अफसरों का हाता जा रहा है। अफसर जो वहां पर लगाये जाते है वे भी व्यापारियों के ही लगाये जाते है। वे चाहे जैसा करें। उनकी अपनी मर्जी होती है कि चाहे मंडी में बोली ठीक करें चाहे गलत करें, कोई चैक करने वाला नहीं। (इस समय सभापतियों की सूचि में से एक सदस्य चौधरी राम कि ान पदासीन हुए)

चेयरमैन साहब, यह आपके लिये भी जरूरी है क्योंकि आप किसानों के नुमाइंदे है और मेरे लिये तो बड़े ही फख्र की बात है कि हमें आज किसानों के हित की बात सोचनी चाहिए। आप मेरे दोस्त हैं इसलिये आपकी तरफ से मुझ पर बोलने की टाईम की पाबंदी भी नहीं होगी। दसलिये मैं गवर्नमैंट से अपील करूंगा कि हम जितने भी यहां पर मैम्बर है उनको किसानों के हित की बात सोचनी चाहिए। मुझे किसी व्यापारी या किसी अफसर से नाराजगी नहीं है लेकिन मुझे इस बात का दुख है कि जिन अदायरों पर गांवों के लोगों का कंट्रोल होना चाहिए था

चाहे पंचायत राज के हों, चाहे बोर्ड के हों, चाहे मार्किटिंग कोआप्रेटिव सोसाइटियों के हों उन सब पर आज के दिन अफसर ाही का राज है। इस तरह से देहातों की लीडरि ाप को खत्म करके उन पर मुकम्मल तौर पर कब्जा करना चाहते है। चेयरमैन साहब, कम से कम आप को तो इस जुल्म में भाामिल नहीं होना चाहिए क्योंकि यह सारे किसानों की लीडरि ाप का सवाल है। पहले तो उन्होंने यह तरमीम की थी कि चुनाव को खत्म करें। मैं तो यह कहूंगा कि चाहे हमारी सरकार हो या किसी और आदमी की सरकार हो यह नोमीने ान सिस्टम लागू नहीं करना चाहिए। जो चुनाव से आ सकते है उनको चुनाव से आना चाहिए। जो चम्चे है और इधर उधर का खाने वाले है और बेअसूले है वहीं लोग नोमीने ान में आते है। इसलिये किसी की भी सरकार हो, चाहे कोई मुख्य मंत्री हो मार्किटिंग कमेटी के बिल में जो भी तरमीम करें उसको ऐसे स्टाईल से बनायें जो सब को सूट करे जिसमें किसानों का हित हो, देहातों की लीडरि ाप रहे।

चेयरमैन साहब, मैं आपके नोटिस में एक बौर बात भी लाना चाहता हूं वैसे तो यह बात इस बिल से ताल्लुक नहीं रखती है लेकिन आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि आधे से ज्यादा रैस्ट हाउसिज जो किसानों के लिये बनाये गये है उनमें सिविल सप्लाई या दूसरे डिपार्टमैंट के आफिस चल रहे है। अगर किसी किसान को रात को मंडी में ठहरना पड़ जाये तो वह अपनी रात उन किसानों के लिये बनाये हुए रैस्ट हाउस में नहीं काट सकता

है क्योंकि उसमें तो सरकारी दफतर चल रहा है। अगर इस बारे में सरकार से पूछा जाये कि ऐसा क्यों किया जा रहा है तो सरकार कहती है कि हमारी मजबूरी है। सरकार अपने दफतर के लिये किराये पर मकान ले कर दफतर क्यों नहीं बनाती है? यह गलत बात है कि पर्मानैंट तौर पर सरकार ने वहां पर दफतर बनाये हुए है। सरकार को उन पर से अपना कब्जा हटाना चाहिए। अगर यहां पर किसानों के लिये अच्छी बात हमारी तरफ से कही जाती है तो कभी तो वे चमक पड़ते है और उधर वालों की तरफ से कही जाती है तो हम चमक पड़ते है। घपलेबाजी से और मैजोरिटी के बहाने से किसानों के खिलाफ बातें पास कर जाते है। मैं तो यह कहूंगा कि जितनी देर आप चेयर पर बैंठे कोई गलत बात पास न होने दें क्योकि अगले सै ान तक तो आप मंत्री हो जायेंगे। (हंसी) इसलिये मैं सरदार तारा सिंह जी से कहूंगा कि वे तो एक अच्छे किसान है, अगर आप जैसों के वक्त में इस तरह का ऐक्ट पास होता है तो किसानों का तो भगवान भरोसे ही सब कुछ है। अगर आप भी ऐंटी किसान हो गये तब तो हम मारे जाएंगे। जिनके दिल में मजदूर और किसानों के बारे में दर्द हो मैं समझता हूं वे उनके बारे में गलत काम नहीं करेंगे। इन भाब्दो के साथ मैं कहूंगा कि गरीब किसानों के हित में जो बात हो वह पास की जाये अन्य कोई बात पास न की जाये। (विघ्न)

चौधरी रिजक राम(राई): सभापति महोदय, मार्किट कमेटी से संबंधित इस बिल के बारे में मेरे से पहले काफी मैंम्बर साहेबान बोल चुके है। कई साथियों ने कहा है कि किसी बोर्ड का या कार्पोरे ान का चेयरमैन एम.एल.ए. लगाया जा रहा है। सभापति महोदय जितनी भी बार यह बिल सं ाोधन के लिये आया है तो कोई न कोई मैम्बर खड़े होकर कहने लगता है कि बोर्ड का या किसी कार्पोरे ान का चेयरमैन एम.एल.ए. का लगाया गया है यह अच्छी बात नहीं है। मैं यह समझता हूं कि सरकार बिल को तरमीम करके जिस तरह से ला रही है यह एक एम.एल.ए. की परफारमैंस के बतौर चेयरमैन के लिए ठीक नहीं है, क्योंकि भाायद वह कभी नहीं चाहेगा कि यदि किसी एम.एल.ए. को किसी बोर्ड या कार्पोरे ान का चेयरमैन बनाया जाता है तो उसके बीच में यानि उसके ऊपर किसी चीफ एडमिनिस्ट्रेटर को लगाया जाये। कुछ दिन पहले सरकार कहती थी कि किसी योग्य एम.एल.ए. को किसी बोर्ड का या किसी कार्पोरे ान का चेयरमैन वह इसलिये लगाती है ताकि अच्छी तरह से काम हो सके। दूसरी बात यह कहती थी कि सरकारी अफसरान.....(विघ्न एवं भाोर)

कई आवाजें: आप कैसे बोल रहे है? (भाोर)

श्री सभापतिः आप लोगों को भी बोलने के लिए पूरा पूरा समय दिया जायेगा।

चौधरी रिजक रामः सभापति महोदय, सरकार भी इस बात का दावा करती है कि जब किसी एम.एल.ए. को किसी कार्पोरे ान का या बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया जाता है तो उस कार्पोरे ान को या बोर्ड को लाभ पहुंचता है। जैसा कि एक माननीय सदस्य ने कहा था कि जब से मैंने कार्पोरे ान का चार्ज सम्भाला है तो उसमें अब फायदा होने लग गया है और अब उन्होंने 25–30 लाख रूपये का मुनाफा कमा कर दिया है जब कि पहले वह कार्पोरे ान घाटे में चलती थी। अब यह देखने वाली बात हो जाती है कि जब किसी एम.एल.ए. को चेयरमैन लगाया जाता और उसकी देख रेख मैं उस कार्पोरे ान की तरक्की होती है तो फिर मेरी समझ में नहीं आता कि इस बिल में तरमीम करके सरकार किसी चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर आफिसर को एम.एल.ए. के ऊपर क्यों लगाना चाहती है? जब उस बोर्ड या कार्पोरे ान को फायदा ही हो रहा है तो फिर सरकार को इस बिल को लाने की जरूरत ही क्यों पड़ी। (तालियां) चेयरमैन साहब आप भी देखते हैं कि किसी बोर्ड का या कार्पोरे ान का मैनेजिंग डायरेक्टर एक आई.ए. एस. आफिसर लगाया जाता है। एक आई.ए.एस. ऊपर लगा दिया जाता है और दूसरा उसके नीचे लगा दिया जाता है और उस के बीच में एक एम.एल.ए. को बतौर चेयरमैन नियुक्त कर दिया जाता है तो यह कोई भाोभा देने वाली बात नहीं है। इसलिये मैं समझता हूं कि सरकार को इस बिल को लाने से पहले मंत्री महोदय ने पार्टी मैम्बरान से और दूसरे साथियों से सलाह कर

लेनी चाहिए थी। अचानक ही हाउस में इस प्रकार का बिल ला करके रख देना कोई अच्छी बात नहीं है।

सभापति महोदय, इसके साथ ही एक और तरमीम इस बिल के जरिये की जा रही है। जिन जिन व्यापारियों से मार्किट फीस के रूप में पैसा वसूल किया जा चुका था और जा`सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार व्यापारियों को दिया जाना था वह करीब 8–9 करोड़ रूपये बनता है। अब सरकार इस बिल के जरिये वह पैसा भी व्यापारियों को नही देना चाहती और जो पैसा दिया जा चुका है वह लैंड रैवेन्यू के तौर पर वसूल किया जायेगा। (ाोर) सभापति महोदय मैं आपके द्वारा सरकार से तथा मंत्र महोदय से कहना चाहता हूं कि सरकार ने चुनाव के दौरान वायदे किए थे कि लोगों की भलाई के लिये अधिक से अधिक काम किए जायेंगे। पीछे लोक सभा के चुनावों के दौरान सरकार ने वायदा किया था कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करेंगे। चुनाव के दौरान बहुत सा पैसा मंडियों के व्यापारियों से लिया गया था (ाोर) सभापति महोदय सरकार का अब यह कर्तव्य हो जाता है कि चुनावों के दौरान जो वायदे लोगों से किए गए थे उनको अब पूरा किया जाये। यदि वोटरों से किए गए वायदों को पूरा न किया गया तो कल फिर चुनावों का समय आएगा और लोगों का वि वास सरकार से उइ जायेगा। उस समय उसका उल्टा असर पड़ सकता है और फिर चाहे कितने भी वायदे किए जायें कोई भी वि वास नहीं करेगा। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जो

आदमी गलत काम करते हों उनको जेलों में डाल देना चाहिए। यदि सरकार ठीक काम करेगी तो सभी कार्य ठीक प्रकार से होंगे। जब भी सै ान भुरू होता है तो यह कहते है कि हम बहुत जल्दी फलां काम करने जा रहे है लेकिन फिर कुछ नहीं होता। (ाोर एवं हंसी)। इसके साथ ही साथ सभापति महोदय मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे साथी चौधरी जगजीत सिंह पोहलू जो मेरे पास ही बैठे है इन्होंने मुझे याद दिलाया है कि हर सै ान के दौरान मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल जी मिनिस्टरी बढ़ाने का आ वासन दे देते है लेकिन बढ़ाते नहीं है। इसलिये मैं चाहूंगा कि मुख्य मंत्री महोदय फैसला कर लें कि किस किस को मिनिस्टरी में भाामिल करना है। पोहलू साहब मिनिस्टरी में भाामिल होने के लिये बड़े उतावले है। (हंसी एवं ाोर) सभापति महोदय हमारे सी.एम. साहब ने इतने बड़े बड़े वायदे कर रखे हे कि यदि ये 20 साल में भी उन्हें पूरा कर दें तो भगवान की बड़ी कृपा होगी। (तालियां एवं हंसी) इतना ही कहते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

डा0 मंगल सैन(रोहतक): सभापति महोदय आज सदन में पंजाब ऐग्रीकल्चर प्रोडयूस मार्किट (हरियाणा सैकिंड अमैंडमैंट एंड वैलीडे ान) बिल पर विचार चल रहा है। मेरे माननीय सदस्यों ने जो ट्रेजरी बैंचों पर बैठे हुए है, इसके स्टेटमैंट आफ आब्जैक्टस एंड रीजंज पढ़ कर प्रका ा डाला है। मैं भी इस बिल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। सभापति जी, इस कानून के

बनाने वाले सर छोटू राम जी जैसे लोग थे, जिन्होंने किसान की वह पैदावार जो मंडी में जाने के बाद रैगुलेट न होकर कई प्रकार से ऐक्सप्लायट होती थ, उस को रैगुलेट किया। उन्होंने इस कानून के जरिये हरेक के हित को हरेक के इंट्रैस्ट को सेफगार्ड करने की कोि ा ा की। समय समय पर इस कानून की धाराओं में सं ाोधन इस सभा द्वारा किये गये है। हमारे आदरणीय मित्र चौधरी रिजक राम जी.....(ाोर एवं व्यवधान) अगर इनको मेरा आदरणीय कहने से भी आपत्ति है, तो मैं आदरणीय नहीं कहता। मैं और कुछ इनके बारे में नहीं कहना चाहता क्योंकि अगर मैं कुछ कहुगा तो फौरन मेरे खिलाफ प्रिविलिज मो ान आ जायेगा। फिर गले में रस्सी टांगेंगे। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी उदय सिंह दलालः एक दिन में दो थोड़े ही आयेंगे? इसलिये जो मर्जी आये आप कहे जाओ। (व्यवधान एवं भाोर)

डा0 मंगल सैनः इस सं ाोधन के जरिये मैं तो यह आ ाा करता था कि इसमें किसान का, व्यापारी का, आढ़ती का, तोला का चूंकि इंट्रैस्ट इन्वाल्वड है, इसलिये उस संबंध में यह कोई सं ाोधन लायेंगे। सरदार तारा सिंह बड़ी जल्दी खफा हो जाते है। बुर्जुग आदमी है। (व्यवधान) दाढ़ी से तो बुजुर्ग ही लगते है। वह बड़ी जल्दी कह देते है कि भाई हम आपकी पोल खोलेंगे। पोल खोलना चाहो, पोल खोल दो, खम्भे खोलना चाहो तो खम्भे खोल दो आपकी खुली छुट्टी है। देखना कहीं दूसरे

की पोल खोलते आपकी ही न खुल जाये। वेयर हाउसिज का मामला आज आ नहीं सका वरना इनको पता लगा जात। स्टार्ड और अनस्टार्ड के चक्कर में ही वह रह गया। मैं इनको यह कहना चाहता हूं कि आपको इस बोर्ड को लोकतांत्रिक बनाना चाहिए था। क्यों नहीं बनाया? जमहूरियत का जनाजा इस सरकार के कंधे पर निकल रहा हैं यह नहीं होना चाहिए कि जमहूरियत इस बोर्ड में इंट्रोडयूस न की जाये। सभापति महोदय जो इसका पेरैंट ऐक्ट है उसमें यह लिखा हुआ है कि इस बोर्ड के 11 सदस्य होंगे। चेयरमैन के अलावा जो सदस्य होंगे वह चुनकर आयेंगे। इसी तरह से जिस तरह से अब चल रहा है, पहले जो मुख्य मंत्री होते थे, उन्होंने भी किया था। चौधरी भजन लाल जी को उन्होंने एग्रीकल्चर का मंत्री बना दिया क्योंकि ये कई कल्चरो में ट्रेंड है। इसमें उन्होंने नोमीने ान की गुंजाइ ा छोड़ दी। चेयरमैन साहब, जहां पर नोमीने ान होगा, आप जानते है वहां फिर मामला ऐसा ही होता है। हमारी करनाल में एक बहुत म ाहूर हस्ती है लाला हरि राम जी। उनको इस बोर्ड का मैम्बर बनाया हुआ है। बोर्ड का मैम्बर बनाकर उसको आगे देखिये क्या बना दिया है। जो ठेका इंक्वायरी कमेटी है, उसको उसका चेयरमैन बना दिया गया है। वह कुछ नहीं करता। उसने यह काम अपने भानजे अनिल कुमार को सौंप दिया है कई डैपुटे ान मेरे पास आये। कुछ ज्ञापन भी माननीय सदस्यों के पास आये होंगे। बड़ी ज्यादा अंधेर गर्दी इस डिपार्टमैंट में है। चेयरमैन साहब आपको याद होगा, कई दिनों तक वे बेचारे भूख

हड़ताल पर बैठे रहे। पहले उनको भर्ती कर लिया फिर बाद में उनको धक्के मार कर बाहर निकाल दिया। चेयरमैन साहब, मुझे अफसोस इस बात का है कि भाायद सरदार तारा सिंह को इस बात का पता ही नहीं होगा कि इस डिपार्टमैंट में ऐसी बहुत सी बातें हुई है जोकि बिल्कुल भी नहीं होनी चाहियें। यह बात तो देखते ही मालूम होती है कि बड़ी गलत बात हुई है। चौधरी रिजक राम जी की एक बात से मैं सहमत हूं। उनकी इस बात का मैं समर्थन करता हूं कि विधायकों की, एम.एल.एज. की और इस सदन के प्रैस्टिज को अन्डर माईन किया गया है। इस गरिमापूर्ण सदन के माननीय सदस्यों की अवमानना की गयी है। उनके प्रैस्टिज को बनाया नहीं गया। उन पर भरोसा नहीं किया गया। उन पर अगर आपको भरोसा नहीं था तो उनकी छुटटी कर दी होती। अगर उनकी बात को नहीं मानना तो आप उनको हटा दीजिये वरना आपको उनकी बात को मानना चाहिए। इस सदन का सदस्य होने के नाते मैं चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर का बीच में फंसाया जाना उचित नहीं समझता। यह सरासर ज्यादती वाली बात है। चीफ ऐउमिनिस्ट्रेटर की वहां पर कोई जरूरत नहीं है। इस समय जो ढांचा है उसी से काम चल सकता है और चल भी रहा है। सबसे पहले तो मैं यह भी कहूंगाा कि हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री जी को मुख्य मंत्री के साथ–साथ घोशणा मंत्री भी कहना चाहिए। (व्यवधान) चौधरी रिजक राम जी बहुत सुलझे हुए व्यक्ति है और वे सोच–समझकर भाब्दों का इस्तेमाल करते है। वे कई बार विधान सभा में चुन कर आये है। उन्होंने यह कहा कि

चौधरी भजनलाल जी को 30 साल तक मुख्य मंत्री बनाये रखो, चुनाव नहीं होने चाहिए। आप जानते है कि हमारे संविधान में यह व्यवस्था है हरेक पांच वर्श के बाद हमें जनता के पास जाना पड़ेगा। संविधान में तो जो सुप्रमेसी है that lies with the people and not with the individual उन्होंने जनता के पास न जाने के लिये उनके 30 साल दिये। लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा कि कोई पता नहीं किस को कब अल्ला मियां अपने पास बुला ले। यह तो हमारे किसी के बस की बात नहीं है। जैसे कि इनके कायदे है, इनकी नियत है, उसमें तो यह मास्टर है। He is competent to do everythig but we are not competent, Sir. इन्होंने मार्किट फीस बढ़ायी। व्यापारी सुप्रीम कोर्ट में गये। उन्होंने यह कहा कि इनको वापिस कर दो। कुछ को वापिस भी कर दी। कुछ जगह पर तो मार्किट कमेटियों के अधिकारियों को हिस्सा नहीं मिला। कंवर राम पाल सिंह जी यहां पर बैठे है? पी0डब्ल्यू0डी0 में, जैसे कि इनको भी पता है, ठेकेदारों से डिपार्टमैंट वालों का हिस्सा बंधा हुआ है। वह हिस्सा लेने के बाद ही पेमैंट रीलीज करते है। This is an established fact.

सिंचाई तथा बिजली मंत्री(चौधरी मेहर सिंह राठी): यह तो आपके जमाने में ही होता होगा। (व्यवधान व भाोर)

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मैं तो यह समझता हूं कि जो हकीकत है, उसको इन्हे एक्सैप्ट कर लेना चाहिए। हम तो एक ही जिले के रहने वाले है। ये दायी से पेट क्यों छिपाते है?

दायी से पेट छिपाकर कहां जायेंगें? मैं यह कहना चाहता हूं कि व्यापारियों के साथ बहुत बड़ी ज्यादती हो रही है। इन्होंने पहले यह कहा कि हां हम पैसा दे देंगे लेकिन फिर इंकार कर गये। भजन लाल जी इस बात में बड़े म ाहूर है कि सब को वह हां–हां ही कहते जायेंगे। (हंसी) मैं कह रहा था कि व्यापारियों से पैसा ले लिया था तो उसको वापिस लौटा देना चाहिए था। वह देना तो दूर रहा इन्होंने उन्हें कहा कि एज लैंड रेवन्यू क्लेक्ट किया जाएगा। चेयरमैन साहब, इस बात को कहने की क्या जरूरत थी? वैसे ही कह देते कि वायदा भंग कर रहे है। लेकिन यह सरकार तो ताना ााही के रास्ते पर चल रही है। इन्होंने कई बार रास्ता बदला है और अन्त में ताना ााही का रास्ता अपनाया है। ताना ााही का रास्ता, चेयरमैन साहब, कुएं में गिरने वाला रास्ता होता है। इसको अपनाना ठीक नहीं है। चेयरमैन साहब, यह सं ाोधन वाकई बड़ा हा र्ा है। यह ऐसा सं ाोधन है जिससे आप अनपापुलर हो गये है। हम तो चाहते है कि आप ज्यादा से ज्यादा अनपापुलर हो। आप अगर हमारी सलाह नहीं मानते तो कम से कम अपनी पार्टी के मैम्बर चौधरी रिजक राम की सलाह ही मान लो। चेयरमैन साहब, यह हमारे साथ ही धक्का नहीं कर रहे है, इन्होंने पार्टी के साथ भी धक्का किया है। यह बात अगर पार्टी में विचार कर ली होती तो इतनी तकलीफ न होती लेकिन इन्होंने वह डैमोक्रेटिक तरीका नहीं अपनाया। अगर पहले पार्टी में विचार कर लिया होता तो सदन में यह बात नहीं आती। चेयरमैन साहब, आज मार्किटिंग बोर्ड में बड़ा भ्रश्टाचार फैल रहा है।

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, आप कितना टाईम और लेंगे?

डा0 मंगल सैनः बस मैं खत्म करने जा रहा हूं। चौधरी भजन लाल जी सदन में आ गए है। मैं पंडित हरि राम के बारे में बता दूं। जब मैं पहले बोल रहा था तो ये यहां नहीं थे। पंडित हरि राम इनके बहुत गहरे मित्र हैं, परम भक्त है। उनके ख्यालों के बारे में इनको खूब पता है। चौधरी भजन लाल जी आपने उनको ऐसे काम पर लगा दिया है कि आपको खूब नेकनामी मिलेगी।

मुख्य मंत्री(चौधरी भजन लाल): डाक्टर साहबए मैं आपकी स्पीच कमरे में सुन रहा था।

